फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 मार्च 2025
वर्ष 6, अंक 109, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO 5 : BOTTOM

# एसआरएमएस किंग्स ने जीता फ्रेंडशिप कप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईएमए को सात विकेट से हराया, आदित्य मूर्ति मैन ऑफ द मैच
- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल क्रिकेट स्टेडियम में टूर्नामेंट का समापन




फ्रेंडशिप कप की ट्रॉफी के साथ एसआरएमएस की टीम। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को एसआरएमएस फ्रेंडशिप कप सीजन 3 का फाइनल मुकाबला हुआ। एसआरएमएस किंग्स ने आईएमए को सात विकेट से हराकर फ्रेंडशिप कप जीत लिया।

आईएमए बरेली के कप्तान डॉ. आरपी सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। डॉ. मनीष अग्रवाल ने 83, डॉ. आरपी सिंह ने 27 और डॉ. अतुल गंगवार ने 43 रन बनाए। छह विकेट के नुकसान पर टीम ने 20 ओवर में 195 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। डॉ. विश्वदीप आउट हुए, तब टीम का स्कोर 22 था। दूसरे विकेट के लिए डा. आयुष गर्ग और डा. महेश त्रिपाठी ने 117 रन की साझेदारी की। डॉ. आयुष गर्ग ने 64 और डॉ. महेश त्रिपाठी ने 50 रन बनाए। एसआरएमएस किंग्स को जीत के लिए सात गेंदों पर 18 रन की जरूरत थी। कप्तान आदित्य मूर्ति ने छक्का लगाया। अंतिम गेंद पर जीत के लिए तीन रन की जरूरत थी, जिसे डॉ. रेहान ने पूरा किया और टीम का स्कोर 196 पहुंचाया। कप्तान आदित्य मूर्ति को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 3 छक्कों की मदद से 14 गेंदों पर 33 रन बनाने के साथ एक विकेट लिया और एक खिलाड़ी को रन आउट किया। टूर्नामेंट के छह मैचों में एक शतक के साथ 207 रन बनाने के लिए आईएमए के डा. अनिल गंगवार को मैन ऑफ सीरीज चुना गया। 193 रन बनाने वाले आईडीए के डा. सलिल बलदेव बेस्ट बैट्समैन और 10 विकेट लेने वाले एसआरएमएस किंग्स के सुधांशु सक्सेना बेस्ट बॉलर बने। एसआरएमएस किंग्स के डा. महेश त्रिपाठी बेस्ट फील्डर चुने गए। आईडीए बरेली की टीम को फेयर प्ले अवार्ड दिया गया।